1

साहित्यिक लेखन

Literary Writing

12132CH01

© NCERT not to be republished

1. साहित्यिक लेखन

I. भाव, विचार और उसकी रचावट

II. कविता लेखन

III. कहानी लेखन

1. *Literary Writing*

I. An Idea and Its Development

II. Writing Poetry

III. Writing a Short Story

© NCERT not to be republished

सृजनात्मकता से रू-ब-रू

- दिए गए कोलाज़ को ध्यान से देखिए। इनमें से कुछ तसवीरें और खबरें आपसे कुछ कहती हैं।
- इन तसवीरों और खबरों ने जो प्रभाव आप पर छोड़ा उसे ध्यान में रखते हुए कोई एक रचना (कविता, कहानी, एकांकी आदि कुछ भी ...) लिखिए।

© NCERT not to be republished

I. भाव, विचार और उसकी रचावट

जगत सर्वं
भाषा विकल्पम्
– वाक्यपदीयम् भर्तृहरि

प्रसिद्ध कवि मायकोव्स्की ने अपनी रचनात्मक भाव-स्थिति का वर्णन इन शब्दों में किया है–

मैं हाथ हिलाता और शब्दों के बिना बुदबुदाता चला जा रहा। कभी अपनी चाल को धीमा कर लेता हूँ ताकि बुदबुदाने में बाधा न पड़े या कभी तेज़ी से बुदबुदाने लगता हूँ ताकि वह मेरी चाल का साथ दे सके।

यही है भाव की उमड़न। यहाँ अपनी खास तरंगमय धुन में कवि कुछ बुदबुदा ज़रूर रहा है। लेकिन यहाँ शब्द वही नहीं है, जो कविता में आते हैं। यह तो वह उमड़न है, जो तरंग में एक खास तरह की धुन या लय में बहती चली जा रही है।

यह लय ही काव्य का आधार होती है। कविता में शब्द इसकी गूँज से आकार लेते हैं। जैसे खुद-ब-खुद उछल कर बाहर आ रहे हों। कभी एक साथ बहुत सारे शब्द उछल आते हैं और कभी बहुत कम।

यह लय अपने साथ लाती है–एक गूँज या ध्वनि। यही वह शक्ति है, जो हमारे बेतरतीब शब्दों को तरतीब में रखती है। हर कवि का अपना अनुभव, संसार होता है, जो शब्दों से अपना एक रिश्ता बनाता है। किस शब्द को कहाँ रखा जाए या हटा दिया जाए, यह तय करने का काम गूँज का छनना करता है। शब्दों को छानने का आधार होता है–भाव के साथ उसकी निकटता। शुरुआत में यह तुकबंदी की शक्ल में भी हो सकता है। लेकिन वही, कविता नहीं हो जाती।

वह कविता होती है–उस शब्द के सहयोग से, जिसमें अनुभव शामिल हो। ध्वनि इन्हीं शब्दों को व्यवस्थित करती है। इसी तरह अचानक इस गूँज के बीच में से ही एक या कुछेक शब्द एक खास लय में बंधने लगते हैं। अनुभव की यह लय ही फिर इनका विस्तार करती है। यही है–भाव से विचार में उतरना। भाव से विचार और विचार से भाव की यह आवाजाही ही रचना को आकार देती है। आकार तो दे देती है, लेकिन उसकी रचावट के बगैर रचना खिल नहीं पाती। वह खिलती है तब, जब हर भाव रचना में आए शब्द के साथ एक खास प्रवाह बना लेता है। रचना में यह प्रवाह बनना ही सबसे ज़्यादा परिश्रम का काम है। इसके लिए इस

© NCERT not to be republished

प्रक्रिया में लौट-लौट कर उसी धुन के करीब पहुँचना होता है। जहाँ से रचना की शुरुआत हुई थी। यही धुन बनाती है—वे धुनें, जिनमें शब्द स्थान बनाने लगते हैं। इस प्रकार रचनाकार का अनुभव; उसके विचार उसके मन में ध्वनित होते शब्द सब मिलकर एक रचना की शुरुआत करते हैं।

बस, यहीं से प्रारंभ होती है—रचावट की वह खास प्रक्रिया, जो रचना का रूप गढ़ने लगती है। यहीं वह अपने भाव, विचार और उसकी रचावट पर काम करता रहता है।

कहानी में यथार्थ जीवन-दृश्य बड़ा काम करते हैं। कभी उसकी शुरुआत एक दृश्य से हो सकती है, तो कभी किसी संवाद से। कोई मन:स्थिति भी कहानी लिखवा सकती है और कोई घटना या स्थिति भी। लेकिन उसे कथा के रूप में बाँधने के लिए भाव-विचार और उसकी रचावट का इत्मिनान बहुत ज़रूरी है।

यह एक कला को कहने की इच्छा से, जो कहानी के प्लॉट या कथानक के साथ जुड़ती जाती है। पर यही कहानी के अंत को पहले से तय नहीं होने देता। बस उस कथ्य को रचना के रास्ते पर धकेल-भर देता है। कहानी का कथ्य इसी रास्ते पर पकता है। कहानी के अर्थों के रंग और गहरे इसी समय होते जाते हैं। कभी यह एक नया अनुभव बन जाती है और कभी अनुभवों में सुधार। यह एक ऐसा खेल है, जिसकी गिरफ़्त में आते ही हम दुनिया के लोगों, स्थितियों और जीवन को अपनी आँख से देखने लगते हैं। हमारे सुनने, सूंघने, छूने, खाने-पीने और स्वाद लेने का अंदाज़ कुछ अलग हो जाता है।

आगे के अध्यायों में रचनात्मक बिंदुओं को समझते हुए उपर्युक्त बातों को विस्तार से जानेंगे।

II. कविता लेखन

कविता की मूल इकाई
लय है। कविता ही क्यों,
नृत्य की, संगीत की
और ज़िंदगी की भी।

–हरभजन सिंह
(चोला टाकियाँवाला)

कविता कहना या शेर कहना आपने सुना होगा। अब हम कविता बनाएँगे यानी अब हम कविता लिखने जा रहे हैं। उर्दू में मुहावरा है– शेर कहना। यानी कविता की नहीं जाती है, कही जाती है। जब लिखने का रिवाज़ नहीं था, तब भी कविता थी। बोली जाती थी। सारे लोकगीत मौखिक हैं, बोले जाते हैं। लेकिन समय बदला। अब कविता भी लिखी जाती है—कलम से कागज़ पर या कंप्यूटर पर। पहले पेंसिल भी चलती थी। कवि भी कान पर पेंसिल रखते थे। पता नहीं, कब काम आ पड़े।

मुशायरे का एक चित्र

© NCERT not to be republished

कविता से कविता बनती है

पेंसिल, कागज़ तो उपकरण हैं–बाहर की चीज़ें। पहले तो मन में यानी भीतर कविता उपजनी चाहिए। वह कैसे होता है? लोग बताते हैं कि कविता से कविता खुलती है–निकलती है। कविताओं को पढ़ते-पढ़ते भीतर कविता बनने लगती है। लगता है, मैं भी कर सकती हूँ। ऐसा तो मैंने भी देखा है। ऐसे भाव तो मेरे मन में भी आते हैं। जैसे, नागार्जुन की यह कविता लें–

बहुत दिनों के बाद
अब की मैंने जी-भर देखी
पकी-सुनहली फ़सलों की मुसकान
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैं जी-भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिल-कंठी तान
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैंने जी-भर सूँघे
मौलसिरी के ढेर-ढेर-से ताज़े-टटके फ़ूल
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैं जी-भर छू पाया
अपनी गँवई पगडंडी की चंदनवर्णी धूल
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैंने जी-भर तालमखाना खाया
गन्ने चूसे जी-भर
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैंने जी-भर भोगे
गंध-रूप-रस-शब्द-स्पर्श सब साथ-साथ इस भू पर
बहुत दिनों के बाद

यह तो हम सब का अनुभव है। बहुत दिनों के बाद गाँव लौटने पर यही तो होता है। इस तरह एक इंसान का अनुभव सबका अनुभव हो जाता है। नागार्जुन ने अंत में लिखा–'गंध-रूप-रस-शब्द-स्पर्श सब साथ-साथ' ...। यह बात सीखने की है। ये हमारी पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ हैं, जिनसे हम संसार को देखते-सुनते-सूँघते-चखते-छूते हैं। एक कवि को लगातार चौकन्ना रहना पड़ता है। लगातार अपनी ज्ञानेन्द्रियों को जगाए रखना पड़ता है। काम के साथ कविता चलती है–ऐसा नहीं कि कविता लिखने का कोई खास क्षण होता हो। बल्कि कविता रचने का काम लगातार चलता रहता है। आपने कुछ देखा, उसे मन में टाँक लिया या फिर एक छोटी-सी डायरी में। कवि–लेखक, डायरी-कलम लेकर चलता है। कोई शब्द सुना, लिख लिया। दूसरे काम करते हुए भी भीतर-भीतर कविता की चक्की चलती रहती है। जैसे कि मुक्तिबोध कहते हैं–

विचार आते हैं–
लिखते समय नहीं
बोझ ढोते वक्त पीठ पर
सिर पर उठाते समय भार
परिश्रम करते समय
चाँद उगता है व
पानी में झलमलाने लगता है
हृदय के पानी में।

विचार आते हैं रोटियाँ सेंकते

© NCERT not to be republished

सर्वेश्वरदयाल 'सक्सेना' की मशहूर कविता '*बतूता का जूता*' को एक कविता-कार्यशाला में अलग-अलग अभिव्यक्ति दी गई–

बतूता का जूता

इब्न बतूता पहन के जूता
निकल पड़े तूफान में
थोड़ी हवा नाक में घुस गई
घुस गई थोड़ी कान में
कभी नाक को कभी कान को
मलते इब्न बतूता
इसी बीच में निकल पड़ा
उनके पैरों का जूता
उड़ते-उड़ते जूता उनका
जा पहुँचा जापान में
इब्न बतूता खड़े रह गए
मोची की दूकान में

– ***सर्वेश्वरदयाल सक्सेना***

इब्न बतूता पहन के जूता...

सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविता को नरेश जी ने कुछ ऐसे पेश किया

मोरक्को से चले बतूता, पैदल अपनी शान में
सात बरस में चलते-चलते पहुँचे हिन्दुस्तान में
जो देखा सो लिखा, न देखा
तो भी लम्बी हाँकी,
गोल पिरामिड लिखकर
कोई गप्प न छोड़ी बाकी
गज़ब घुमक्कड़ थे, रहते थे अपनी ही तुकतान में
मन रमता था सदा नए जूतों के अनुसंधान में
इब्न बतूता, इन्हीं गर्मियों में आए भोपाल
हाल देख भोपाल ताल का हुए बड़े बेहाल
किसने सुखा दिया यह ताल
किसने काट दिए सब जंगल
किसने फैलाया यह जाल
जब तक यह सब जान न लो तुम
रहो पूछते यही सवाल
इससे तो अच्छा होता तुम रहते रेगिस्तान में
प्यास लगी अब हमें ले चलो पानी की दूकान में

कविता-कार्यशाला में नरेश सक्सेना के साथ
बच्चों ने भी कविताएँ लिखीं!

1
चमगादड़ के घर में कैसी खातिरदारी –
हम भी लटकें
तुम भी लटको...

2
कभी लाल, कभी नीला, कभी पीला
आकाश भी
गिरगिट की तरह रंग बदलता है

3
सूख गया है ताल
समझो सूख गया भोपाल!

'चकमक' से साभार

© NCERT not to be republished

पिछले पृष्ठ पर दिए गए उदाहरण को ध्यान से देखिए। नरेश सक्सेना ने सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविता को भोपाल से जोड़ा, खासतौर से भोपाल में ताल के सूखने और इब्न बतूता को रेगिस्तान से जोड़ा और एक नयी रचना जन्मी। इसीलिए 'मोची की दूकान' की जगह 'पानी की दूकान' लिखा। ध्यान देने की बात है कि इस कविता में 'दुकान' का 'दूकान' लिखा जाना भी सौंदर्यानुभूति कराता है। यह कविता में छंद की अहम भूमिका को भी बताता है। तभी नरेश जी ने इसे ज्यों-का-त्यों ही लिखा है। दूसरी ओर बच्चों ने जब कविता लिखी तो चमगादड़ के उल्टा लटकने वाले स्वभाव को कभी बीते समय के खेल के मैदान में या फिर स्कूल में सजा पाए बच्चों से जोड़ा। इस तरह बच्चों ने अपने देखे-सुने पुराने अनुभव को नए अनुभव से जोड़कर रचना में नया प्रभाव पैदा किया है। दूसरी कविता में आकाश के रंग को गिरगिट के रंग बदलने से जोड़ना भी नयी रचना को लिखने में सहायक रहा। तीसरी कविता में भोपाल और ताल के एक दूसरे पर निर्भरता को लयात्मक ढंग से रखा गया है। इसमें नरेश जी की कविता से रचना संकेत भी लिया गया है।

इस तरह आप देखेंगे कि एक कविता, दूसरी नयी कविता को जन्म देती है। ज़रूरी नहीं कि वह पूरी तरह एक दूसरे से जुड़ी हो। कवि भी अपनी स्मृतियों में देखी-सुनी बातों, दृश्यों को टाँकता चलता है। उसे ही कभी-कभी वर्तमान अनुभव से जोड़कर अपनी कविता के भीतर रखता चलता है। **इसीलिए कविता में स्मृतियों की बड़ी भूमिका होती है।**

प्रेरणा क्या है?

कविता का कोई एक मुहूर्त नहीं होता। यह काम साँस लेने जैसा है। तो फिर प्रेरणा क्या है? सब लोग तो कविता नहीं लिखते। लेकिन लिख सकते हैं, अगर कविता पढ़ें, जीवन को ध्यान से देखने-समझने की आदत डालें। आप जो करना चाहते हैं वही तो करते हैं। डार्विन ने लिखा है कि **संवेग यानी 'इंस्टिंक्ट' भी 'अक्वायर्ड हैबिट्' यानी हासिल की हुई आदत है।** हम कोशिश करते हैं और फिर एक दिन कविता हमारी कलम में भी उतर जाती है। यही प्रेरणा है। शमशेर बहादुर 'सिंह' कहते हैं कि उन्होंने अपनी मशहूर कविता '*टूटी हुई बिखरी हुई*' इसी तरह पहले सोच कर, कोशिश करके अपने कमरे की चीज़ों को एक-एक कर देखते हुए लिखी। चीज़ें पहले से जमा रहती हैं। वे मौका पाकर बाहर आ जाती हैं। तो क्या हर किसी के पास कविता की भाषा होती है? पहली बात तो यह कि कविता की अलग से कोई भाषा नहीं होती। भाषा तो सबकी है—एक ही है। कवि की भी वही भाषा है। वह पहले से है। उसे सिर्फ़ नए ढंग से उठाना है। शेक्सपियर कहते हैं–

> *I have been to the feast of languages and have stolen the scraps (मैं भाषा के भोज में गया और वहाँ से टुकड़े उठा लाया।)*

यही तो सब करते हैं। यही तो आप भी करेंगे। अपनी भाषा को करीब से पहचानिए। उसके शब्दों, मुहावरों, ध्वनियों को। शेक्सपियर यह भी कहते हैं–

> *So, all my best is dressing old words and spending again what is already spent. (मैंने यही तो किया–पुराने शब्दों को नये तरीके से सजाया और जो पहले से ही खर्च हो चुका था उसे फिर से खर्चा)*

© NCERT not to be republished

टूटी हुई, बिखरी हुई

टूटी हुई, बिखरी हुई चाय
की दली हुई पाँव के नीचे
पत्तियाँ मेरी कविता
बाल, झड़े हुए, मैल से रूखे, गिरे हुए, गर्दन से फिर भी चिपके

...कुछ ऐसी मेरी खाल,
मुझसे अलग-सी, मिट्टी में
मिली-सी

दोपहर-बाद की धूप-छाँह में खड़ी इंतज़ार की ठेलेगाड़ियाँ
जैसे मेरी पसलियाँ...
खाली बोरे सूजों से रफ़ू किए जा रहे हैं... जो
मेरी आँखों का सूनापन है
ठंड भी एक मुस्कराहट लिए हुए है
जो कि मेरी दोस्त है।

– शमशेर बहादुर सिंह



कविता का जन्म

क्या आप जानते/जानती हैं–मोती कैसे बनता है? कहीं से अचानक धूल का एक कण सीपी के कवच के भीतर राह बना ले तो उसके खुजली मच जाती है। अब उसके नाखून तो होते नहीं कि वह उसका सुखद उपयोग करे, तो खुजली की प्रतिक्रिया में उसके पूरे वजूद से एक खास तरह का द्रव निकलता है और उस मामूली–से धूल-कण के चारों तरफ लगता है मोर्चाबंदी करने। यही आंतरिक स्राव धीरे-धीरे मोती के रूप में जमने लगता है। कविता भी प्रायः ऐसे ही बनती है–कोई एक चोट लगी, किसी धूलकण का प्रवेश हुआ, कहीं कुछ खटका या हमारे आस-पास कोई ऐसी खुशी या दुख जो परिवर्तन ले आए। तो पूरे वजूद में एक बेचैनी मच जाती है–ये कई तरह के आंतरिक उद्वेलन अंततः एक तरह की संरचना में गुलिया-कर जम जाते हैं और चमकने भी लगते हैं!

मा निषाद! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीं समाः।
यत्क्रौंच मिथुनादेकमबधीः काम मोहितम्।।

– बाल्मीकि

सीपी और मनुष्य में फर्क यह है कि सीपी को स्राव गुलियाने-ज़माने में अपनी तरफ़ से कुछ मेहनत नहीं होती! जो होता है, स्वयमेव होता है किंतु मनुष्य को अपनी प्रतिक्रियाएँ गुलियाने में अपनी स्वाभाविक उमड़न को एक नियत संरचना देने में, कभी-कभी कई-कई ड्राफ़्ट बनाने होते हैं! इसीलिए वर्ड्स्वर्थ ने कविता को–"spontaneous overflow of powerful feelings ... recollected in tranquility" कहा।

© NCERT not to be republished

गतिविधि–1 Activity–1

(कुछ आधुनिक कुछ पुरानी कविताएँ पढ़ें) इनमें आकाश, बादल, शाम, धूप, सूरज, शरद जैसे शब्द, प्रयोगों पर ध्यान दें। आप पाएँगे कि ये शब्द पुराने समय से लेकर अब तक कविताओं में तरह-तरह से प्रयुक्त होते रहे हैं, अब–

- अपने पोटफ़ोलियो के लिए ऐसी-दो कविताओं (कवि के नाम के साथ) को चुनें।
- यह ध्यान रखें कि इनमें इन शब्दों का प्रयोग अलग-अलग तरीके से किया गया हो।
- अपने इस संचयन में यह टिप्पणी भी लिखें कि ये प्रयोग कैसे अलग हैं।
- अब उन्हीं शब्दों का प्रयोग करते हुए आप भी कुछ नयी काव्य पंक्तियाँ लिखें।

Read few poems (including contemporary poems). Observe closely how the words 'sky', 'cloud', 'sun', 'daylight', 'moon' and 'evening' are used. You might have noticed that these words have been used in different ways in different poems.

- For your portfolio, select two poems (mention the Poet's name) where these words have been used in different ways.
- Observe how these words are used in different ways.
- Create a few new verses using these words.
- Include your comments and poems in your portfolio.

भाषा के साथ बर्ताव

भाषा जो सबकी है, पहले से है उसे नयी तरह से बरतना। आपने भी लोगों को ध्यान से बोलते सुना होगा। आयरिश लेखक जॉन सिंज़ अपने कमरे के एक छेद से कामगार स्त्रियों को बातें करते सुना करते थे, जिससे उन्होंने भाषा के नये ढंग सीखे। नागार्जुन की कविता में भी आप देख सकते हैं कि उन्होंने 'अबकी', 'मौलसिरी', 'टटके' जैसे बोलचाल के शब्दों का व्यवहार किया है। भवानी प्रसाद मिश्र कहते हैं कि 'जिस तरह तू बोलता है उस तरह से लिख।' नागार्जुन कहते हैं 'जो देखो वो लिखो।' लेकिन यह देखना भी कई तरह का हो सकता है। रघुवीर सहाय की इस कविता को लें–

कौंध। दूर घोर वन में मूसलाधार वृष्टि
दुपहर – घना ताल – ऊपर झुकी आम की डाल
बयार – खिड़की पर खड़े, आ गयी फुहार
रात – उजली रेती के पार;
सहसा दिखी शांत नदी गहरी।

यहाँ पानी के अनेक संस्मरण हैं। सारी यादों को एक साथ जोड़ दिया गया है और इस तरह बिखरे हुए अनुभव, भटकी हुई यादें एक विषय यानी पानी से जुड़ जाती हैं। सब कुछ को स्मृति में जमा करना पड़ता है और फिर कल्पना के सहारे उन्हें जोड़ना पड़ता है। अज्ञेय की इन पंक्तियों को लें–

क्षितिज ने पलक सी खोली
तमक कर दामिनी बोली

यह बिजली चमकने का दृश्य है। लगता है जैसे– दूर धरती-आकाश दो पलकों की तरह खुले और कौंध हुई। दामिनी यानी बिजली दमक कर यानी रोष से बोली। यहाँ तुलना भी की जा रही है। एक चीज़ को दूसरी चीज़ से मिला कर देखा जा रहा है। ऐसे ही उपमाएँ बनती हैं। फिर आगे बिंब बनते हैं।

© NCERT not to be republished

निराला की पंक्तियाँ हैं–

डालियाँ बहुत सी सूख गईं,
उनकी न पत्तियाँ हुई नई,
आधे से ज्यादा घटा विटप,
बीज को चला है ज्यों क्षण-क्षण

यह पतझड़ का पूरा बिंब है, जिसमें पेड़ के फिर से बीज की ओर चलने का ज़िक्र है। लेकिन इसी 'बीज को चला' में पुनः सृष्टि की आशा भी है, जो कि वसंत है। इस तरह अपनी जटिलता में यह पद एक साथ पतझड़ और वसंत से जुड़ा है।

भाषा की कुछ बातें और नागार्जुन की कविता में हमने देखा कि कैसे सभी ज्ञानेन्द्रियाँ एक साथ काम कर रही हैं। आपको निरन्तर ध्वनियों को पकड़ना है। कबीर 'गगन घटा घहरानी' कह कर घने बादलों के घुमड़ने और उनके गर्जन को व्यक्त कर देते हैं। त्रिलोचन ने भी बरसात की ध्वनियों को पकड़ा है–

भरी रात भादों की ... पथ ... लपका वह कौंधा
दीप्ति भर उठी आँखों में इतनी, फिर हम तुम
कुछ भी पकड़ सके न डीठ से; छाया चौंधा।
तड़ तड़ तड़त्तड़ाड़ ध्राङ् ध्रा ध्राङ ध्रङ ध्रुम्

अंतिम पंक्ति की ध्वनियों, विशेषकर 'ड़' तथा 'ङ' को देखें। हर वस्तु की, हर अनुभव की अपनी ध्वनि होती है, आपको उसे ढूँढ़ना पड़ता है। पंत ने 'झरते हैं झाग भरे निर्झर' में 'झ' ध्वनि से झरने के नाद को व्यक्त किया। दूसरी और दिनकर ने नदी के किनारे की चाँदनी रात की खामोशी को इस तरह व्यक्त किया–

गंडकी सुप्त थी रेतों में
पंछी चुप नीड़ निकेतों में
था रोर शोर अग में जग में
चाँदनी सजग थी जग भर में

कविता और बिंब

आधुनिक कविता शब्द-चित्रों यानी बिंबों में ही बात करती है। बिंबों की भाषा एक कूट भाषा होती है– रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों में भी कुछ बिंब समाहित होते हैं– वस्तुओं/भावों/स्थितियों का शब्द-चित्र जिनका साम्य नाटकीय ढंग से कविता उद्घाटित करती है

कौन बूढ़ा दर्जी
बादलों की कैथी
सी रहा है ऐसे
तेज़ हवा की सुई से?
वे सुनहरे धागे
टिमक रहे जब-तब
इधर-उधर और टपक रही हैं उसकी
आँखें थकान से।

यदि आपने किसी बूढ़े दर्ज़ी को फटे सुथन्ने की मग्न मरम्मत करते देखा है और बूँदा-बाँदी के बीच बिजली चमकती हुई भी देखी है, तो समझेंगे कि दो चित्र एक ही चित्र में पूर दिए गए हैं जैसे – रस्सी पूरी जाती है। दो तरह की घटनाओं में साम्य का उद्घाटन आपको थोड़ा चकित करता है, और उत्सुकता बूढ़े दर्ज़ी के विषय में जगती है– अचानक वह अपने अँधेरे कोने से उठकर कविता का नायक हो जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में आँखे भी खुलती हैं और चित्र भी।

© NCERT not to be republished



निराला की हस्तलिपि में उनकी एक असंकलित कविता 'बहुवचन' से साभार

फिर अगला सवाल छंद और तुक का भी है। ध्वनियाँ ही लय बनाती हैं। संगीत बनता है। लयों की बनी हुई पद्धति या ढाँचा छंद है। हर कवि को उन्हें सीखना पड़ता है। मेहनत करनी पड़ती है। धीरे-धीरे वे छंद इतने अपने हो जाते हैं कि खुद-ब-खुद पंक्तियाँ उन्ही साँचों में ढलने लगती हैं। फिर निराला जैसे कवि नये छंद भी बनाते हैं। लेकिन सच्चा कवि छंद के लिए रुकता नहीं। अमेरिका के कवि वाल्ट ह्विटमैन ने गद्य में महान् कविताएँ लिखीं।

हिंदी में निराला की 'नये पत्ते' की कविताएँ पढ़ कर देखिए। तब आपको यह भी लगेगा कि कविता किसी भी विषय, किसी भी चीज़ पर लिखी जा सकती है। निराला ने 'गर्म पकौड़ी' पर, नज़ीर अकबराबादी ने 'तिल के लड्डू' पर, नेरूदा ने 'टम. ाटर' और 'पायजामा' पर और सुकांत भट्टाचार्य ने 'माचिस की तीली' पर कविताएँ लिखीं। मराठी के नामदेव ढसाल, नारायण सुर्वे जैसे कवियों ने अपने जीवन के निजी पक्षों पर भी कविताएँ लिखीं। ज़रूरत है–उस वस्तु के भीतर जाकर सत्व को खोजने की। गालिब कहते हैं कि 'कतरे में दरिया को देखना ही वास्तव में देखना है। लेकिन इसके लिए लंबी और गहरी तैयारी ज़रूरी है। तब सिर्फ़ कविता पढ़ना काफ़ी नहीं होगा। तब सब कुछ पढ़ना-जानना होगा।'

देखें गतिविधि/Activity 2 पृष्ठ 44

दर्शन, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति और विज्ञान सब कुछ का अध्ययन ज़रूरी होगा। कबीर महान् कवि हैं और दार्शनिक भी। तुलसीदास भी कवि, दार्शनिक हैं। निराला और प्रसाद भी। मुक्तिबोध इतिहास और राजनीति के विद्वान हैं और अज्ञेय सब कुछ के ज्ञाता। इस तरह आपको भी सब कुछ जानना-समझना

© NCERT not to be republished

होगा। लेकिन जैसा कि अकबर इलाहाबादी ने लिखा है–*'इश्क को दिल में दे जगह अकबर/इल्म से शाइरी नहीं आती'*। इश्क मतलब प्रेम–सबसे प्रेम। दुनिया की छोटी-से-छोटी, तुच्छ-से-तुच्छ चीज़ और प्राणी से प्रेम और सह-अनुभूति। दूसरों के दु:ख-सुख में शामिल होना। बॉदलेयर की एक कविता 'गली के खाज भरे कुत्तों' के बारे में है। नागार्जुन की 'मादा सूअर' और उसके 'छौनों' के बारे में। मुकुटधर पाण्डे की 'खोंमचे वाले' के बारे में और कीट्स की 'मटर की छीमियों और कद्दू' के बारे में। **कविता करने का मतलब है सब कुछ से प्रेम करना। कुछ भी कविता के बाहर नहीं है।**

कविता में किसी देखी गई वस्तु या वस्तुओं, दृश्यों, घटनाओं और मन में उठने वाली भावनाओं और विचारों को इस प्रकार पिरोना होता है कि पाठक या श्रोता पर उसका प्रभाव पड़े। कविता में व्यक्त की गई भावनाएँ उसकी संवेदना को छुएँ। इसका अर्थ यह हुआ कि कविता लिखने से पहले हमें चीज़ों से, दृश्यों-घटनाओं से गहरे तक जुड़ना होता है। उस जुड़ाव की मन पर जो प्रतिक्रिया होती है, उसी से कविता बनती है और तभी वह पढ़ने या सुनने वालों को अपने से जोड़ती है।

पैने दाँतों वाली

धूप में पसरकर लेटी है
मोटी-तगड़ी, अधेड़, मादा सूअर ...

जमना-किनारे
मखमली दूबों पर
पूस की गुनगुनी धूप में
पसरकर लेटी है
यह भी तो मादरे हिंद की बेटी है
भरे-पूरे बारह थनों वाली!

लेकिन अभी इस वक्त
छौनों को पिला रही है दूध
मन-मिज़ाज़ ठीक है
कर रही है आराम
अखरती नहीं है भरे-पूरी थनों की खींच-तान
दुधमुँहे छौनों की रग-रग में
मचल रही है आखिर माँ की ही तो जान!

जमना-किनारे
मखमली दूबों पर
पसरकर लेटी है
यह भी तो मादरे हिंद की बेटी है
पैने दाँतों वाली ...

– *नागार्जुन*

प्रतिनिधि कविताएँ

© NCERT not to be republished

कविता का विषय

एक ज़माना था जब मानते थे कि कविता उदात्त विषयों और महाभावों के इर्द-गिर्द छंद और अलंकार के ताने-बाने से बुनी जाती है– 'झीनी-झीनी बीनी चदरिया!' यह चदरिया ओढ़कर मनुष्य मन एक अलग तरह का सुख महसूस करता है, एक अलग तरह की आश्वस्ति! करीब-करीब वैसी आश्वस्ति जो आप माँ के आँचल में महसूस करते होंगे/करती होंगी। इसी सुख को 'रस' कहते हैं, नौ तरह के रस माने गए हैं– श्रृंगार, वीर, वात्सल्य, करूणा, शांत, वीभत्स, हास्य, रौद्र और अद्‌भुत! पुराने लोग मानते थे कि एक बार में एक ही रस का अवगाहन करें तो अच्छा। नयी कविता यानी विश्वयुद्ध के बाद की कविता ने बहुत-से चलन तोड़े। उसमें से एक चलन यह कि कविता का विषय कुछ भी हो सकता है, कि एक साथ कई रसों और कई विपरीत मन:स्थितियों का अवगाहन और विलयन आधुनिक कविता ने मंचित किया–इससे उसकी दूरूहता बढ़ी लेकिन वह जीवन की वास्तविकता के और करीब हुई। वास्तविक जीवन में भी ऐसा शायद ही होता है कि केवल एक भाव या एक ही रस आपके चित्त पर छाया रहे। दया, करुणा, प्रेम, घृणा, क्रोध और जुगुप्सा–कई भावों का धुँधलका-सा चित्त पर छाया रहता है। माँ की गोदी में लेटे रहने का संतोष वात्सल्य और शान्त रस का उदाहरण मानिए तो लेटे-लेटे ही परीक्षा की चिन्ता या किसी बूढ़े भिखारी की स्थिति पर क्षोभ या किसी भी अन्याय पर गुस्सा–इन भावों से भी आप पूर्णतया तो मुक्त नहीं होते।

शब्द

कविता शब्दों से बनती है। जिस तरह चित्र रंगों और रेखाओं से, संगीत ध्वनियों से, मूर्ति पत्थर और मिट्टी से, वैसे ही कविता शब्दों से बनती है। मलार्मे ने अपने एक मित्र से कहा था– 'कविता विचारों से नहीं, शब्दों से बनती है।' और हर कवि को अपनी भाषा के शब्दों से दोस्ती करनी पड़ती है। गहरी अंतरंगता बनती है, तब कविता बनती है। कालिदास ने इस अंतरंगता को 'वाक्' और 'अर्थ' की एकता कहा था। सही शब्द की तलाश से ही कई बार कविता शुरू होती है। कई बार कोई धुन, कोई एक टुकड़ा, या कोई याद। ध्रुव शुक्ल की एक कविता है 'हा'। इसमें जैसे ककहरा लिखा जाता है वैसे ही उन्होंने 'ह' अक्षर से कविता रची है। जैसे–

ह हा हि ही हु हू हे हो हौ हं ह:
ह ह ह ह ह ह ह ह ह ह ह ह
हा हा हा हा हा हा हा हा हा हा
हा हा .....
ह: ह: .....



आकृति कविता का एक नमूना

यह एक अद्‌भुत कविता है, हँसने के इतने प्रकार हैं और अंत में एक सत्ताधीश का दंभ उभरता है। इसी तरह एक अंग्रेज़ी कविता है, जॉर्ज हर्बट की–*सेल (SAIL)*, जिसमें केवल एक ही शब्द है– *SAIL* और उसे इस तरह पूरे पृष्ठ पर सजाया गया है मानों 'एक जहाज़ समुद्र में बहुत दूर चला गया हो'

© NCERT not to be republished

गतिविधि–3 Activity–3

- कविताओं को तरह-तरह से लिखने की परंपरा रही है। वर्णों-पंक्तियों की संख्या के आधार पर इन्हें अलग-अलग नाम दिए जाते रहे हैं। जैसे– दोहा, चौपाई, छप्पय, बरवै, हाइकू, सॉनेट।
- अपने पोर्टफ़ोलियो के लिए इनकी विशेषताएँ लिखिए। अब अलग-अलग पाँच ऐसी कविता/छंदों का संग्रह करें।

- There are various forms and styles of writing poems. They have been given different names like 'haiku', 'limerick', 'couplet', 'sonnet' 'ballad', 'ode' and 'lyric'.
- For your portfolio collect five poems, one for each form mentioned above and describe their features.



'रामदास' कविता का यह प्रथम प्रारूप है। कविता के दौरान शब्दों और वाक्यों में दिखने वाले परिवर्तन यह दिखाते हैं कि सृजन प्रक्रिया के दौरान शिल्प भी भाव और परिवेश से निर्धारित होता है।

© NCERT not to be republished

लय

इसी तरह कोई एक धुन या कोई एक लय पूरी कविता को जन्म दे सकती है। **सूरदास** का प्रसिद्ध पद है–'आजु तो बधाइ बाजै मंदिर महर में'। इसे पढ़ते हुए लगता है जैसे कोई उन्मत्त लय आपको घेरती जा रही है और आप खुशी से भर जाते हैं, आप नाचने लगते हैं। ऐसे ही **तुलसीदास** का 'हनुमानबाहुक' आपको ओज, शक्ति और विश्वास से भर देता है। कभी-कभी कोई एक-आध पंक्ति आपके भीतर गूँजती रहती है और उससे एक नयी कविता बन जाती है। **मख्दूम** की कविता है–'आपकी याद आती रही रात भर'। इस पंक्ति को लेकर **फैज़** ने भी एक शानदार कविता लिखी। तो ऐसे भी कविता होती है। **सुभाष मुखोपाध्याय** की एक कविता है–'येते येते .....'। आप हिंदी में एक कविता बनाएँ 'चलते चलते .....' से। जैसे-

चलते चलते
दूर दूर कुछ दूर और तब
चलते चलते
नदी मिलेगी
पानी छलछल
रेती गीली
चलते चलते
नाव मिलेगी
पार मिलेगा.....

आप इसे आगे बढ़ाते जाएँ। और फिर इसे देखिए–

चल चल
घर चल
शाम हुई अब घर चल
पंछी लौटे घर चल ....

एक उदाहरण लें–'दूर है आकाश, धरती पास है'। इसे पहली पंक्ति बनाकर आप एक कविता लिखें। उसे बढ़ाते जाएँ।

आप बस लिखें। जैसे बोलते हैं वैसे लिखें। जो भी सुनते हैं उसे कविता में डाल दें। जो भी देखते हैं उसे कविता में डाल दें। कविता लिखने का नियम यही है कि इसका कोई नियम नहीं है। बस कविताएँ पढ़िए, पढ़ते रहिए और तब आपके भीतर भी एक कविता जन्म लेगी। यह कुछ ऐसा है जैसे कलम (grafting) लगाया वैसे ही कविता की भी कलम लगती है।

अब आप अपनी खिड़की पर खड़े होकर बाहर देखिए और जो भी देख रहे हों, सुन रहे हों, उसे लिखते जाइए इस तरह–

मैंने खिड़की खोली
बाहर धूप है
आकाश दूर है खूब नीला बड़ा 70 एम एम का पर्दा
हवा कम है पेड़ खड़े हैं पत्ते ज़रा-सा हिल रहे हैं
गाड़ियाँ चल रही हैं मोटर सायकिल तेज़ी से गुजरी
एक बच्चा दौड़ता जा रहा है
कोई जोर से हँसा–कौन?
घर की घंटी बजी–कौन?
एक गिलहरी मुझे देख रही है, कुछ बोली–कैसे?
एक कौआ भी है–चालाक धूर्त शातिर होशियार बुद्धिमान?
सोचता हूँ दीवार में खिड़की न हो तो?
तो क्या होगा? ...

कोई भी एक दृश्य लीजिए–उसका एक छोटा-सा रेखाचित्र शब्दों से इस तरह खींचिए कि अर्थ के पीछे एक और अर्थ झाँकता नज़र आए जैसे–

पहेली *में–तीतर के दो आगे तीतर*
तीतर के दो पीछे तीतर

© NCERT not to be republished

आगे तीतर, पीछे तीतर
बोलो कितने तीतर।

तीतर के पीछे एक और तीतर न भी हो और अभिधा में ही बात कही जाए तो उसमें एक **नाटकीय बाँकपन** लाना होगा, तभी बात कविता की श्रेणी में आएगी।

आप विनोद कुमार शुक्ल का उपन्यास पढ़िए 'दीवार में एक खिड़की रहती थी'। कविता दीवार में खिड़की ही तो है। वह हर दीवार में हर घर में होती है। उसे कोई भी खोल सकता है। और उसके पार एक नयी दुनिया में पहुँच सकता है। केदारनाथ सिंह की इस कविता को लें–

लिखूँगा
एक न एक दिन ज़रूर लिखूँगा .....
.....
एक-एक गंध
एक-एक स्पर्श को लिखूँगा
एक-एक धड़कन
एक-एक साँस को लिखूँगा
एक न एक दिन ज़रूर लिखूँगा

यह प्रभाव तभी पैदा हो सकता है, जब कवि कविता के विषय से खूब अच्छी तरह–खूब गहराई तक परिचित होता है। यह कौशल कविता लिखना शुरू करते ही किसी नये कवि में नहीं आ जाता। धीरे-धीरे, अभ्यास से विकसित होता है। लेकिन हाँ, चीज़ों को देखने, उनसे जुड़ने और उनके अंदर छिपी कविता को पहचानने की दृष्टि शुरू से ही विकसित करनी होती है।

देखें गतिविधि/Activity 4 पृष्ठ 55

महादेवी वर्मा की शुरुआती अभिव्यक्ति

तुतला उपक्रम

ठंडे पानी में नहलातीं,
ठंडा चंदन इन्हें लगातीं,
इनका भोग हमें दे जातीं,
फिर भी कभी नहीं बोले हैं।
माँ के ठाकुर जी भोले हैं।

यह तुकबन्दी उस समय की है, जब मेरी अवस्था छः वर्ष से अधिक नहीं रही होगी। ... माँ शीतकाल में भी पाँच बजे सबेरे ठंडे पानी से स्वयं स्नान कर और मुझे भी नहला कर पूजा के लिए बैठ जाती थीं। मुझे कष्ट होता था और मेरी बाल बुद्धि ने अनुमान लगा लिया था कि उनके बेचारे ठाकुर जी को भी कष्ट होता होगा। मैं सोचती थी कि यदि ठाकुर जी कुछ बोलें तो हम दोनों के कष्ट दूर हो जावें, पर वे कुछ बोलते ही नहीं थे।

साभार, महादेवी साहित्य-1

© NCERT not to be republished

कविता लिखने की शुरुआत

जितने दिनों मैं गाँव में रहा, मेरी कविता इन गुरूपर्वों का अनिवार्य अंग बनी रही। कई दिन पहले ही मुझे जैसे हौल लग जाता कि अबकी कौन-सी कविता पढ़ूँगा। पिछले सालवाली तो खो-खवा चुकी होती। नई लिखनी पड़ती। घर से स्कूल जाते हुए, जमात में बैठे हुए, वापस आते हुए, खेलते हुए, मन सतरें जोड़ने में लगा रहता। कभी काफ़िये न मिलते; काफ़िये मिलते तो कहने योग्य बात न होती। 'फर फर फराटे कियूँ रेल पई, अज्ज शाइद वल ननकाणे दे जा रही है' जैसी सतरें उन कविताओं में होतीं।

– चोला टाकियाँवाला, हरभजन सिंह

रोज़गार और कविता

यह अनायास नहीं है कि बचपन से ही खेल-खेल में कविता बनाने की जो शुरुआत होती है। वह आगे चलकर आम आदमी की रोज़ी-रोटी का साधन भी हो जाती है, दरअसल कविता की लय जीवन के साथ घुल-मिल जाती है तो जीने का सलीका देती है–बहुत से बड़े कवियों ने बाज़ार से कविता का रिश्ता बनाने की पहल की है–

चने ज़ोर गरम
चना बनावैं घासीराम। निज की झोली में दूकान
चना चुरमुर चुरमुर बौलै। बाबू खाने को मुंह खोलै
चना खावै तौकी मैना। बोलै अच्छा बना चबैना
चना खाय गफ़ूरन मुन्ना। बोलै और नहीं कुछ सुन्ना।

– भारतेंदु हरिश्चंद्र

जाड़ों में फिर खुदा ने खिलवाये तिल के लड्डू
हर एक ख्वांचे में दिखलाये तिल के लड्डू
कूचे गली में हर जा बिकवाये तिल के लड्डू

– नज़ीर अकबराबादी, जीवनी और संकलन

क्या प्यारी-प्यारी मीठी और पतली ककड़ियाँ हैं
गन्ने की पोरियाँ हैं, रेशम की तकलियाँ हैं।
फ़रहाद की निगाहें, सिरी की हंसेलिया हैं
मजनूँ की सर्द आहें, लैला की अंगुलिया हैं।
क्या नर्मोनाजुक इस आगरे की ककड़ी
और जिसमें खास काफ़िर सिकंदरे की ककड़ी
जो एक बार यारों इस ज़ाकी खाये ककड़ी
फिर जा कहीं कि उसको हरगिज़ न भाये ककड़ी
दिल तो 'नज़ीर' गश है यानी मंगाये ककड़ी।
ककड़ी है या कयामत, क्या कहिये हाय ककड़ी।

– नज़ीर अकबराबादी, जीवनी और संकलन

आम आदमी भी बाज़ार से कविता को जोड़ने की खूबसूरत कोशिश करता रहता है–

कच्ची गरी ताज़ा। चार आठ आने में खाजा
ताज़गी नयी पा जा। बन जाएगा तू राजा

आपका ध्यान किधर है,
साड़ी की दुकान इधर है।

मेट्रो निर्माण में काम करने वाले मज़दूरों की सावधानी बरतने के लिए लिखी गई कविता देखिए-

पैर में जूता सिर पर टोपी
सदा सलामत उसकी रोज़ी रोटी

© NCERT not to be republished

III. कहानी लेखन

जीवन को अपनी आँखों से देखो और जैसा इसे पाओ वैसा ही इस पर लिखो।

– प्रेमचंद

अनुभव जीवन में प्राय: हर समय होते रहते हैं। घर पर बैठे, आस-पास घूमते या कहीं दूर यात्रा के दौरान भी। लेकिन हर अनुभव कहानी नहीं बन जाता। प्राय: एक दृश्य कहानी का बीज-विचार बनता है। यह दृश्य हमारे रोज़मर्रा के कार्य-व्यापार पर आधारित भी हो सकता है और कभी-कभार अनायास उपस्थित हुआ भी।

अधिक प्रभावी वही दृश्य होगा जिसे आपने करीब से देखा-परखा हो। जिसकी ज़्यादा-से-ज़्यादा जानकारी आपको हो। यही होती है कहानी की कच्ची सामग्री। यही कहानीकार का अनुभव बनता है। इससे कहानी की विषय-वस्तु बनती है। इस पर आधारित कहानियों में एक आंतरिक शक्ति होती है। यही वह शक्ति है जो मर्म को छूती है।

सहृदय की नज़र

सहृदय व्यक्ति अपने चारों ओर जो कुछ देखता है, उससे प्रभावित होता है। उसे हर तरफ़ अपनी कहानी के लिए कच्ची सामग्री फैली नज़र आती है। लेकिन हर दृश्य कहानी नहीं बन जाता। कथ्य की खोज का काम पूरा करने के लिए अंत:प्रेरणा ज़रूरी है। यही रचना को आत्मा से जोड़ती है। उससे जुड़कर ही हम सत्य की अनुभूति कर पाते हैं। इसी के ज़रिये कहानी लिखने वाला व्यक्ति अंतश्चेतना की उस गहन पीड़ा तक खिंचा चला जाता है जो वह अनुभव कर चुका होता है, लेकिन उससे मुक्त नहीं हो पाता।

अक्सर, आपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि अमुक दृश्य आज भी आँखों में बसा हुआ है। उसका यह बस जाना ही बताता है कि दृश्य में कुछ ऐसा अवश्य रहा होगा जिसकी वजह से वह अविस्मरणीय बन गया। उससे मुक्ति तभी हो सकती है जब आप कहानी में उसे उतारकर रख दें। आइए एक कहानी पढ़ें–



कथानक मैं इस दृष्टि से बुनता हूँ कि मानव-चरित्र में जो कुछ सुंदर है, वह उभरकर सामने आ जाए। यह एक उलझी हुई प्रक्रिया है। कभी इसकी प्रेरणा एक व्यक्ति से मिलती है या कभी किसी घटना से या किसी स्वप्न से, लेकिन मेरे लिए यह ज़रूरी है कि मेरी कहानी का कोई मनोवैज्ञानिक आधार हो।

–प्रेमचंद

© NCERT not to be republished

पार्क में रोता हुआ आदमी

जयराम पार्क के पास से गुज़र रहा था। तभी उसने किसी की रोने की आवाज़ सुनी। रोता हुआ वह आदमी कह रहा था–"हाय मैं लुट गया ... अरे मैं तो लूट गया रेऽऽ ..."

जिज्ञासावश जयराम के कदम खुद-ब-खुद उस आवाज़ की तरफ़ बढ़ गए। जब तक वह उस रोते हुए आदमी तक पहुँचता, कुछ और लोग भी इधर-उधर से वहाँ आ पहुँचे थे।

किसी ने पूछा–"अरे-अरे, क्या हो गया?"

दूसरे ने कहा–"लगता है, बेचारा बाहर से आया है।"

ऑफ़िस से घर लौटती एक महिला ने पूछा–"क्या हुआ भाई, कोई बताओ तो सही!"

जयराम ने देखा, रोते हुए आदमी ने किसी तरह खुद को सँभालते हुए कहा–"क्या बताऊँ जी, गाँव से मेरे साथ कुछ समझदार दोस्त आए थे। लेकिन शहर आकर जाने क्या हुआ, उन सबकी मत मारी गई। देखते-देखते, अपनी सारी जमा-पूँजी लुटा दी। हे राम, अब क्या होगा!"

जयराम सोचने लगा–'ऐसा जाने क्या हुआ होगा इस बेचारे के साथ!'

तभी जुट आई भीड़ में से कुछ आवाज़ें एक साथ आईं–"देखने में तो ये भी बौराया-सा ही लगता है। चलो चलें यहाँ से, अपना काम देखें! कौन जाने, यहाँ यह रोता रहे और इसे देखने के चक्कर में कोई हमारी जेब ही साफ़ कर डाले। वैसे भी किसके पास है इतना फालतू वक्त यहाँ ..."

जयराम को रोते हुए आदमी से सहानुभूति हो आई थी। उसने आगे बढ़कर उससे पूछा–"कैसे लुट गई सारी जमा-पूँजी भाई?"

वह बोला–"अरे भैया, हमें क्या मालूम था कि ऐसा गज़ब हो जाएगा! हम तो बाज़ार से गुज़र रहे थे। तभी एक आदमी सामने से आ गया। मेरे दोस्त के हाथ में नोटों की गड्डी देखकर बोला–'दस रुपये दो, बीस ले लो।' दोस्त ने उसे दस-का एक नोट निकालकर थमा दिया। बदले में उसने उसे बीस-का करारा नोट वापस कर दिया। यह देख, मेरे दूसरे साथी को भी उत्साह आ गया। उसने उस आदमी से कहा–'मेरा सौ-का नोट ले लो और बदले में दो सौ रुपये दे दो।' वह तो पहले ही तैयार था–'मुझे कहीं जाना है। लाओ जल्दी निकालो।' साथी ने उसे सौ-का नोट दिया तो उसने तुरंत दो सौ रुपये लौटा दिए।"



© NCERT not to be republished

"यह तो खूब रही!" जयराम के मुँह से निकला।

"अरे खूब क्या रही, मेरे तीसरे साथी ने जब ऐसा देखा तो उसे जाने क्या हुआ, उसने हमारी सारी जमा-पूँजी उस अनजान के हाथ में धर दी।"

"फिर क्या हुआ?" जयराम समेत कई लोगों ने एक साथ पूछा।

उसने रुँधे-गले से निकलती आवाज़ में बताया–"फिर क्या होना था जी, वह धूर्त पैसा हाथ में आते ही बोला–'यह पैसा तो बहुत ज़्यादा है। इसे दोगुना करने के लिए तो मुझे घर पर बैठकर मंतर फूँकना पड़ेगा। तुम यहीं ठहरो, मैं दस मिनट में आता हूँ।' तबसे जो गया, अभी तक नहीं लौटा। पूरे चार घंटे हो गए। अब मैं क्या करूँ। हम सब दोस्त इस शहर में आकर छले गए हैं।"

जयराम को उस पर दया हो आई। वह उससे कुछ कहता, इससे पहले ही भीड़ में से एक महिला बोली–"ये तो शहर है भैया! यहाँ ज़रा सँभल के रहना चाहिए। पैसा भी कभी बगैर कामकाज के दोगुना होता है क्या? अब तो तुम ये खैर मनाओ कि तुम्हारा सामान बचा रह गया ..."

जयराम को लगा, वह महिला ठीक ही कह रही है। उसने दस-का एक नोट रोते हुए आदमी को दिया और बोला–"लो भैया, अब शहर में ज़रा सँभल कर रहना।"

देखते-देखते, भीड़ में से कुछ और लोगों ने भी उस आदमी को कुछ-न-कुछ देना शुरू कर दिया।

जाते-जाते जयराम ने देखा, उस आदमी के पास अच्छी-खासी रकम इकट्ठा हो गई थी।

उपर्युक्त कहानी में जयराम यदि पार्क के पास से न गुज़रता तो उस रोते हुए आदमी को न देख पाता। और न देखता तो फिर कहानी का **बीज-विचार** ही न बनता।

यह आवश्यक नहीं कि कहानी में जिस तरह का वर्णन आया है, वह हू-ब-हू लेखक ने देखा ही हो। हो सकता है, कहने को यह दृश्य महज़ इतना हो कि एक लुटा-पिटा-सा व्यक्ति पार्क में बैठा रो रहा हो। लेखक को यह देखकर उस व्यक्ति के प्रति सहानुभूति हो आई हो। हो सकता है, उससे, उसने कुछ पूछ भी लिया हो। उस समय, जल्दी में होने के कारण वह वहाँ न रुक सका हो। लेकिन **कहानी का बीज-विचार यहीं से उसके साथ हो लिया हो ...** कि ऐसा क्यों और कैसे हुआ होगा भला!

गतिविधि–5 **Activity–5**

सुदर्शन की 'हार की जीत' या प्रेमचंद की 'ईदगाह' कहानी खोज कर पढ़ें अगर उसे आप लिखेंगे तो कैसी बनेगी? लिखकर देखिए।

(अधिकांश बड़े कहानीकार अपने शुरुआती दौर में ऐसा करते रहे हैं।)

Read the story 'Idgah' by Premchand or 'The Portrait of a Lady' by Khushwant Singh. Try writing on the same themes and see how the stories turn out.

(Many accomplished authors have followed this method in their formative years)

© NCERT not to be republished

किस्सा एक बड़े लेखक का

कहानीकार जब स्वयं यह सोचता है कि उसका कहानी लिखना शुरू कैसे हुआ तो वह विस्मय से भर जाता है। क्योंकि जब तक वह 'कहानी कैसे लिखूँ?' पर विचार करता रहा और जब वह कहानी लिख चुका, इन दोनों के बीच का समय कैसे और कब निकल गया, उसे खबर ही नहीं होती।

प्रेमचंद के बाद हुए कहानीकार जैनेंद्र कुमार का किस्सा इस संदर्भ में पठनीय है–



जैनेंद्र कुमार

जब तक चाहता रहा कि कहानी लिखूँ तब तक सोचता रह गया–'कैसे लिखूँ?' और जब लिखी गई, तब पता भी न था कि वह कहानी है।

बात यों हुई। वक्त खाली था और मैं नहीं जानता था कि अपना क्या बनाऊँ। दुनिया में एक माँ की मार्फ़त मेरा नाता था। शेष दुनिया थी और मैं अपने में बंद अलग था। एक बूँद अलग होकर सूख सकती है, मैं भी सूख ही रहा था। ... दिन के कुछ घंटे तो लाइब्रेरी के सहारे काटता था, बाकी कुछ खामख्याली और मटरगश्ती में।

इस हालत में जो पहली कहानी हुई वह यों कि–एक पुराने साथी थे जिनका ब्याह हुआ था। भाभी पढ़ी-लिखी थीं। पत्रिका पढ़ती थीं और चाहती थीं कि कुछ लिखें, जिससे उनका लिखा छपे और तस्वीर भी छपे। हम भी मन-ही-मन यह चाहते थे। दोनों ने सोचा कुछ लिखना चाहिए। तय हुआ कि अगले शनिवार को दोनों को अपना लिखा हुआ एक दूसरे के सामने पेश करना होगा। शनिवार आया और देखा कि उनकी कहानी तैयार थी। हमें कुछ बात पकड़ में न आ सकी थी कि कुछ, किसी विषय पर लिख जाता। ऐसे एक हफ़्ता, दो हफ़्ते निकल गए। भाभी तो भी कुछ-न-कुछ लिख जाती थीं, यहाँ दिमाग दुनिया भर में घूमकर भी कोरा-का-कोरा रहता था। हम अपनी इस हार को लेकर मन-ही-मन ओछे पड़े जा रहे थे। होते-होते हम जड़ हो गए। सोच लिया कि कुछ अपने से होने-हानेवाला नहीं है। यह अपना निकम्मापन इस तरह तय हो चुका था कि एक दिन घटी एक दिलचस्प घटना को हमने ज्यों-का-त्यों कागज़ पर उतार डाला। जाकर भाभी को सुनाया। घटना भाई-साहब और भाभी को लेकर थी। भाभी लजाई, मगर खुश भी हुई। मैं मानता हूँ कि वह पहली कहानी थी–जो फिर जाने क्या हुई?

('मैं–मेरी पहली कहानी' से साभार)

© NCERT not to be republished

यही जैनेंद्र कुमार बाद में हिंदी के अद्‌भुत कथाकार बने। अब चलें, रोते हुए आदमी की कहानी के साथ।

पार्क में रोते हुए आदमी के दृश्य से लेखक गहरा जुड़ाव महसूस न करता तो वह उसकी स्मृति में बसता ही नहीं। ऐसे अनेक दृश्य होते हैं, जो सामान्य रूप से आँखों के सामने आते ज़रूर हैं लेकिन प्रभावित नहीं करते। आपकी अंतःचेतना को झकझोरते नहीं।

देखें गतिविधि/Activity 6 पृष्ठ 57

कहानी की रचावट

कौन जाने, कहानीकार ने इस कहानी का कितना रूप दृश्य में सचमुच देखा है। यथार्थ में देखा दृश्य जब हमारी स्मृति में बस जाता है और रचना का बीज-विचार बनने लगता है तो उसमें हमारी कल्पना का मेल भी होने लगता है।

मान लीजिए, इस कहानी के लेखक ने पार्क में रोते हुए आदमी को तो देखा, लेकिन उसकी कहानी न सुनी। सिर्फ़ यह देखा कि लोग उसकी दयनीय हालत पर तरस खाकर कुछ सिक्के उसकी तरफ़ उछाल रहे हैं। तब, यह सच होगा कि बीच का दृश्य कहानी में लेखक की कल्पना से आया है। लेकिन अभी ज़रा ठहरिये, यह सब अनायास नहीं हो जाता।

रोते हुए आदमी को देखकर लेखक का सहृदय उससे जुड़ा। जुड़ा तो उसे लगा कि वह दुःखी है। उसे जिज्ञासा हुई कि ऐसा आखिर क्यों है?

बस, यहीं से विचार की रचावट प्रारंभ हो गई। बार-बार लेखक उसे देखते हुए दृश्य में लौटता और फिर उसकी रचावट में डूब जाता। उसे लगता है कि इस समय दुनिया का सबसे दुःखी व्यक्ति पार्क में रोता हुआ वही इंसान है जिसे उसने देखा है। उसकी वेश-भूषा और दयनीय रूप कहानी के बीज-विचार को कुछ विस्तार देता। उसमें लेखक की कल्पना भी जा जुड़ती। उसे लगता कि प्रायः गाँव-कस्बों से आए सीधे-सादे लोगों को शहर के चतुर-सुजान लुटेरे बहला-फुसलाकर लूट लेते हैं।

कल्पना के पंख जब यथार्थ दृश्य से जुड़ जाते हैं तो बीज-विचार रचनात्मक विस्तार पाने लगता है। अब तक के अर्जित अनुभवों में से कुछ और उसी के साथ आ जुड़ते हैं। जितना उस पर मनन होता जाता है, उतना ही रचाव बढ़ता जाता है। जब यह दबाव बढ़ जाता है, तब रचना-प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। यही वह क्षण होता है, जब कहानी लिखने वाला सचमुच यह तय कर लेता है कि यह रही मेरी नयी कहानी की ज़मीन।

अनुभव या अनुभूति

अनुभव का देश-काल से बंधन नहीं है। लिखे जाने का कोई समय तो होता नहीं। कुछ क्षणों में अनुभव होता है। जो ठीक-ठीक अनुभव है वह तो उस क्षण में रह गया, इसलिए जो लिखने के काम आता है, वह अनुभूति है, अनुभव नहीं। अनुभूति के बल पर जो बाहर आता है वह आपके अंदर से मथकर आता है। इसलिए मैं कहता हूँ कि जो अनुभव का लेखन है वह यथार्थ का लेखन, आप लाख कोशिश करें, हो ही नहीं सकता। लेकिन अनुभूति में होता है और यथार्थ में अर्थ आप अपनी तरफ़ से डालते हैं। अपनी ओर से जब आप उसमें अर्थ डालेंगे, तभी आप मानेंगे कि वह आपकी रचना है।

– जैनेंद्र कुमार

© NCERT not to be republished

रचना-प्रक्रिया

पार्क में रोता हुआ व्यक्ति और कहानीकार के अर्जित अनुभवों का मेल रचना-प्रक्रिया की शुरुआत बन सकती है। यही है कहानी की असल शुरुआत। कहानी की यह शुरुआत प्रायः विचार में होती है। कागज़ पर तो यह बहुत बाद में उतरती है।

हम किसी पात्र विशेष, स्थिति, परिवेश या घटना को दृश्य में स्वयं देखकर अथवा किसी और का ऐसा अनुभव सुनकर भी किसी कहानी की रचना-प्रक्रिया प्रारंभ कर सकते हैं। पार्क में रोते हुए व्यक्ति का दृश्य कोई भी व्यक्ति किसी और को सुना सकता है। सुनाते वक्त यह संभव है कि दृश्य में वह अपनी ओर से भी कुछ जोड़कर सुना दे। यह जोड़ना ही कल्पना का यथार्थ से मेल है।

रोते हुए इस व्यक्ति की कहानी, जब लेखक के मस्तिष्क में दौड़ती है, उसे बेचैन करने लगती है। उसे लगता है कि बगैर इसे कागज़ पर उतारे या कंप्यूटर पर कंपोज किए वह रह नहीं सकता, समझ लीजिए कि कहानी अब आकार लेकर ही रहेगी। ऐसे में कहानी लिखने वाले का समूचा ध्यान फिर कहानी के कथ्य पर केंद्रित हो आता है। वह सोचने लगता है कि इसे बयान करूँ तो किस तरह! यह विचार में कहानी का दूसरा प्रारंभ है।

गतिविधि–7 **Activity–7**

एक कहानीकार अपने देखे-सुने संसार को कहानी में कच्चे माल की तरह इस्तेमाल करता है।

अब तक आपने भी अपने पोर्टफ़ोलियो में बहुत सी रचनाएँ लिखी हैं। लिखने के अपने अनुभव को रचनात्मक ढ़ंग से लिखें।

Story writers use their observations of the world around them as raw material.

So far, you have written many creative pieces for your portfolio. Keeping in view your experience of writing, attempt a creative piece on the process of writing.

प्रस्तुति

कहानी की विषयवस्तु ही नहीं, उसे व्यक्त करने का माध्यम भी आकर्षक होना चाहिए। नए कहानीकार प्रायः पहले के कहानीकारों की नकल करने लगते हैं। इससे वह सायास उन जैसा होने की कोशिश करने लगते हैं। परंपरा और कहानी की विशेषताओं के बारे में जानकारी होना तो अच्छा है, लेकिन उस जैसा ही करने लगना ठीक नहीं।

वस्तुतः कहानी का कथ्य अपने साथ ही कहने की संभावनाएँ भी लेकर आता है। जब हम उसे प्रस्तुत करने के तरीके के बारे में आश्वस्त हो जाते हैं, बस तभी उसकी एक भाषा भी बनने लगती है और कहानी का रूप भी। प्रायः यह सब हमारे कथ्य के अनुरूप ढलता जाता है। कहीं संवादों में तो कहीं विवरण या चरित्र-चित्रण में।

लिखते-लिखते रूप बदलता भी है

यह कतई ज़रूरी नहीं कि जैसा कहानीकार ने सोचा, ठीक वैसा ही रूप कहानी भी लेती चली जाएगी। पहले से पूरी तरह सोच-समझकर लिखी गई कहानियाँ साफ़ गढ़ी हुई नज़र आती हैं। इसलिए यह ज़रूरी है कि जब आप किसी कहानी की ज़मीन पर काम करना शुरू करें, खुद को उसका एक सहृदय हमसफ़र मानें। उसके साथ चलते रहें। कहीं वह खुद आपको ले जाएगी तो कहीं आप उसकी अँगुली पकड़कर कहेंगे – 'चलो, ज़रा इधर चलते हैं।' यह कहानी की सहज प्रक्रिया है। इसमें अनेक अंत और तरीके बन सकते हैं। दरअसल, इससे जीवन, समाज

© NCERT not to be republished

फ़िल्म 'सद्गति' के दृश्य

और समय को समझने में सफ़लता हासिल हो सकती है। यही प्रक्रिया धीरे-धीरे कहानीकार में यह तमीज़ पैदा करती है कि किसी घटना-विशेष का विवरण दे देना भर कहानी लिखना नहीं है। हर अच्छी कहानी एक सत्य का संधान भी करती है। सामान्य-सी दिख रही घटना को कहानीकार की दृष्टि से ऐसा विस्तार मिलता है कि वह अर्थवान् हो उठती है।

प्रेमचंद की कहानी 'सद्गति' बताती है कि जन्म से ही कोई बड़ा नहीं हो जाता। यहाँ दुखी की मृत्यु एक तरह से पंडित घासीराम के वजूद को बेमतलब साबित करते हुए चौंकाती खबर लाती है। प्रेमचंद का कथाकार भारतीय समाज पर सिर्फ़ प्रहार ही नहीं करता, गहरी करुणा और अवसाद भी उपजाता है।

सबकी अपनी कहानी

मान लीजिए, रोते हुए इस आदमी की कहानी को कोई दूसरा कहानीकार लिखता। वह इसे यह रूप भी तो दे सकता था कि इसके साथी इसे इसलिए छोड़ गए कि यह तो लुट-पिट चुका था, अब इसे साथ रखकर क्या करें? हो सकता है, स्टेशन पर उतरते ही उसका सारा सामान लेकर कोई चंपत हो गया हो।

चलिए, यही मान लेते हैं कि दूसरा कहानीकार भी कहानी को इसी तरह आगे बढ़ाता जैसी यह सबसे पहले कहानीकार ने लिखी है। लेकिन वह अंत

© NCERT not to be republished

बदल देता। पैसे फेंककर चले गए लोगों के बाद एक पुलिस वाला आता और उसके पूरे पैसे बटोरकर चलता बनता। धमकाता अलग, कि भीख माँगना अपराध है।

कोई भी कहानी हमारी सोच, समझ और अनुभवों के आधार पर अपना रूप बदल सकती है। क्या यह नहीं हो सकता कि भीड़ में से एक नौजवान उसे पहचानकर आगे बढ़े और रोते हुए व्यक्ति से कहे–'अरे जग्गू काका आप! चलिए मेरे साथ, अब आपको परेशान होने की कोई ज़रूरत नहीं।' ऐसे में यह कहानी दूसरा ही रूप ले लेती।

> *"कहानी के लिए वातावरण की पकड़ गहरी होनी चाहिए। सही चरित्र सही लोगों में मिलते हैं। सही लोगों की जड़ें गहरी होती हैं।"*
>
> **– *इसाक सिंगार,*** अमेरिकी कथाकार

> *एक लेखक की सबसे बड़ी समस्या सृजन के उचित क्षण या कण को पहचानना ही है। अपने आप वे खास क्षण हमें प्रेरित करते हैं। हम कथा-वस्तु की तलाश में नहीं भटकते। दशा और दिशा के प्रति जागरूकता ही हमारे अंतर्मन को उद्वेलित करती है। कहती है–"लो...यही वह क्षण है। छोड़ना मत...इसे थाम लो।"*
>
> **– *एम. टी. वासुदेवन नायर,*** (मलयालम कथाकार)
> एक साक्षात्कार में

देखें गतिविधि/Activity 8 पृष्ठ 61

कहानी का उद्देश्य और असर

कहानी का सबसे बड़ा उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह पढ़ने वाले की संवेदना को उजागर करे। उसकी सोई हुई चेतना को जगाए। उसकी भावनाओं का उन्नयन करे। वह कुछ ऐसा करे कि जीवन को गहराई से छूते हुए पाठक को उस पर विचार करने को विवश कर दे।

किसी भी नए लेखक को बँधे-बँधाए तरीके पर कहानी लिखने से बचना चाहिए। उसकी कहानी कितनी भी अनगढ़ क्यों न हो, अपनी होनी ज़रूरी है। अनुभूति को शब्दों में बाँधने की नयी कोशिश ही नयी पीढ़ी की नयी कहानी बनती है। सच बात तो यह है कि हर नयी अनुभूति अपने साथ एक नयी भाषा भी लेकर आती है।

बहुत से कहानीकार असर पैदा करने के लिए भावुकता का सहारा लेने लगते हैं। प्रायः भावुकता का अतिरेक कहानी को कमज़ोर करता है। नज़र आने लगता है कि लेखक ने प्रभाव पैदा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया है। जहाँ यह प्रयास अलग से दिखा, वहीं रचना कमज़ोर हुई। (मक्सिम गोर्की ने अपने लेख 'मैंने लिखना कैसे सीखा?' में कहा है– *"लिओ तोल्सतोय ने मेरी कहानी 'छब्बीस पुरुष और एक लड़की' पढ़ने के बाद कहा था–*

> *'तुम्हारा तंदूर ठीक जगह पर नहीं है'।* पता चला कि तंदूर की आँच से नानबाइयों का चेहरा उस तरह चमक नहीं सकता था जिस तरह मैंने उसका वर्णन किया था। मेरे 'फ़ोमा गोर्देमेव' में भेंदीस्काया की चर्चा करते हुए चेख़ोव ने कहा *'लगता है उसके तीन कान हैं–एक उसकी ठुड्डी पर भी है–देखो!'* और बात सही थी, क्योंकि वह जिस प्रकार रोशनी की ओर मुँह किए हुई थी, वह गलत था। इस प्रकार की गलतियाँ चाहे कितनी छोटी लगें, बड़े महत्त्व की होती हैं। सामान्यतः यह बहुत कठिन काम है कि आदमी *ठीक-ठीक शब्द* ढूँढ ले

© NCERT not to be republished



मैक्सिम गोर्की और लिओ तोल्सतोय

और उन्हें ऐसी तरतीब दे कि कम-से-कम शब्दों में बहुत कुछ व्यक्त हो जाए, कि शब्दों में किफ़ायत की जाए और चिंतन को बड़े विस्तार में निकल जाने दिया जाए, कि शब्दों के माध्यम से सजीव चित्रों की रचना की जाए और संक्षिप्त तथा सुंदर रूप से एक पात्र की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या की जाए ...। शब्दों के माध्यम से लोगों और वस्तुओं में 'रंग भरना' एक बात है और उन्हें सजीव बनाकर; मानो तीनों आयामों में चित्रित करना, इस प्रकार कि वे शारीरिक रूप से दर्शनीय हो जाएँ जैसे कि तोल्सतोय के 'युद्ध और शांति' के पात्र हैं; बिल्कुल दूसरी बात है..."

हर कहानीकार की हर कहानी अच्छी और प्रभावशाली ही हो, यह ज़रूरी नहीं । ज़रा यह छोटी कहानी पढ़ कर देखें।

सोया हुआ बच्चा

बच्चा सो रहा है, जैसे बुद्ध का अवतार। अधमुंदी आँखें, मासूम चेहरा और कुछ न कहते हुए भी, परेशान किए दे रहा है बच्चा। जागता, तो जाने क्या कर रहा होता!

बच्चा बेखबर है इस सब से कि मैं सोच रहा हूँ उसके बारे में। या फिर निश्चित कि उसे छोड़ कर और सोचूँगा भी क्या!

बच्चे के होंठ बहुत हौले से हिले हैं। जैसे खिल रही हो दो पंखुरियाँ। झाँकते हैं गुलाबी मसूढ़े और दूधिया दाँत। बिखर गई है एक भोली गंध।

बच्चा ले रहा है साँस एक रफ़्तार। जैसे उसे किसी चीज़ की फ़िक्र ही न हो।

कितना बेफ़िक्र है वह! जैसे बच्चा ही रहेगा हमेशा।

© NCERT not to be republished

यह कहानी आकार में छोटी ज़रूर है, लेकिन हर पाठक इसका आनंद कहानी की तरह नहीं उठा सकता। उसे इसमें कहानीपन खोया हुआ नज़र आएगा। उसे लग सकता है कि यह कहानी है या कविता? सोते हुए बच्चे को देख कर लिखा गया एक चित्र है यह। लेखक ने इसमें भोले बच्चे की बेफ़िक्री पर अपने अनुभव को रख भर दिया है। इसमें उसकी यह चिंता भी साथ चली आई है कि बड़े होने पर यह बेफ़िक्री नदारद हो जाएगी। पाठक इस उलझन में पड़ जाएगा कि बच्चा ही क्यों रहेगा वह! बड़े होकर क्यों वह सहज और निश्चिंत जीवन नहीं जी सकता! ऐसी रचनाएँ सहज दिखते हुए भी जटिल होती हैं।

शैली तो रचना का अलंकार है। **जहाँ कोई अनुभूति तीव्र होती है, वहाँ शिल्प खुद बनता चला जाएगा**। तकनीक और कथ्य घुल-मिलकर ही एक अच्छी कहानी बनाते हैं। कहानी से आप क्या और कैसे कहना चाहते हैं, यह विचार धैर्यपूर्वक करना चाहिए। दरअसल, जो कहना है वही रचना में करना भी होता है।

यदि हम इसी रोते हुए आदमी की कहानी की बात करें, तो कहना चाहने वाली यह बात ज़्यादा आसानी से समझी जा सकती है। इस कहानी का एक रूप यह भी हो सकता था कि पार्क में वह लूटेरा ग्रामीणों को बहकाकर निकल जाता। कहानीकार अपनी सारी क्षमता इसी दृश्य को प्रभावी बना देने में लगा देता था।

ऐसे में यह एक घटना का विवरण भर होकर रह जाता। **कहानी में किसी अनुभव का शामिल होना सार्थक तब होता है जब वह निजी से सार्वजनिक में बदल जाए**। गौर कीजिए, रोते हुए व्यक्ति को देख कुछ व्यक्ति तो ऐसे भी थे जो वहाँ खड़ा होना तक मुनासिब नहीं समझ रहे थे। उन्हें लग रहा था कि यह तो वक्त की बर्बादी है। दरअसल, ये ऐसे लोग थे जो किसी दूसरे या अपरिचित के दुःख-दर्द में शामिल होना वक्त की बर्बादी समझते हैं। जयराम ऐसे लोगों में से नहीं है। वह आगे बढ़कर रोते हुए आदमी से पूछता है–"कैसे लुट गई सारी जमा-पूँजी, भाई?"

उसका यह प्रश्न पूछना ही उसके दुःख के साथ जुड़ना है। उसे जुड़ता देख भीड़ में से कई और अपरिचित चेहरे भी उसमें दिलचस्पी लेने लगते हैं। जानना चाहते हैं कि जो कुछ हुआ, वह आखिर हुआ कैसे! रोते हुए आदमी से उसकी दुःखभरी कथा सुनने के बाद जयराम ही वह पहला आदमी है जो उसकी मदद करने के लिए दस रुपये का नोट देता है।

सच पूछें तो कहानी तभी सार्थक बनती है जब किसी को किसी

गतिविधि–9 Activity–9

पानी रे पानी –

"Water, water everywhere..."

उपर्युक्त चित्रों से संबंधित ये दोनों शीर्षक किसी कहानी के शीर्षक भी हो सकते हैं। इसी तरह आप भी कुछ अन्य शीर्षक देकर 'पानी की कहानी' लिखिए।

The titles of the pictures given above can be used as titles of stories as well. Similarly, can you think of a title for a story on water? Once you decide the title, write a short story on 'Water.'

© NCERT not to be republished

से जोड़े। यहाँ जयराम के रूप में पहले आदमी की तलाश ही कहानी को बड़ा बनाती है। यदि वह चाहता तो सीख देने वाली उस महिला की तरह ही दो-चार शब्द कहकर रोते हुए आदमी को कुछ समझाता और चलता बनता। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

चलिए, अब ज़रा एक दूसरे दृश्य की बातें करते हैं। यही जयराम साहब एक दिन बस से दिल्ली आर. के. पुरम् की बस में बैठे। देखते क्या हैं कि बड़ी-सी पगड़ी पहने एक आदमी पहली सीट के पास आकर खड़ा हो गया है। अच्छे-खासे डील-डौल और भारी आवाज़ में मूँछों वाला असरदार चेहरा देखकर हर कोई उसकी बात सुनने लगा। वह स्वर को कुछ करुण बनाकर कह रहा था कि मेरा सारा परिवार नीचे खड़ा है। हम लोग कल रात ही बाहर से शहर दिल्ली पहुँचे थे। सारा सामान हमारे साथ है, बस पैसे वाला थैला कोई लेकर चंपत हो गया। मैं अच्छे घर-बार का आदमी हूँ। अगर आप लोग मुझे परिवार सहित लौटने का किराया दे दो तो आपका किया जन्म भर नहीं भूलूँगा। पता दे दोगे तो आपका पैसा पहुँचते ही मनीआर्डर से भेज दूँगा।

जयराम ने उसे पहली बार देखा होता तो शायद उसकी प्रतिक्रिया कुछ और होती। उसने फ़ौरन पहचान लिया, यह तो वही आदमी है जो परसों भी इसी तरह लोगों से पैसे माँग रहा था।

क्या यह दृश्य लेखक से पहले जैसी कहानी लिखवा सकता है? नहीं। यह कहानी एक अलग ही रूप ले लेगी। यहाँ जयराम जैसा चरित्र लोगों को मूर्ख बनाने वालों का भंडाफोड़ करने के काम आ सकता है। हो सकता है, वह तुरंत खड़ा हो जाए और बस में बैठे लोगों से कहे कि इसकी बातों में मत आना। यह इसी तरह पैसे ऐंठता है। यह भी हो सकता है कि कंडक्टर से कहकर उसे बस से उतरवा दे। यानी लेखक दृश्य के भीतर की सच्चाई को पहले परखता है और फिर उसे अपनी कहानी की विषयवस्तु बनाता है। इस काम में उसकी मानव मनोविज्ञान की समझ, सहज ज्ञान, जीवन-अनुभव और सबसे ऊपर विवेक सहायक बनता है। **कहानी सच को सच की तरह तो कहती है, झूठ को भी सच की तरह कह सकती है।**

कहानी का शीर्षक

प्रायः नए कहानीकार इस गफ़लत में पड़ जाते हैं कि कहानी का शीर्षक कैसे रचें! पहले कहानी लिखें या शीर्षक?

अच्छा यही है कि पहले कहानी लिखी जाए। लिखे जाने के दौरान यदि कहानी का शीर्षक आपके साथ-साथ चलता रहा तो कहानी पूर्वनिर्धारित अंत की तरफ़ बढ़ने लगेगी। पूर्वनिर्धारित अंत उन्हीं कहानियों का होता है जो गढ़ी जाती हैं। सायास गढ़ी जाने वाली कहानियाँ अपने साथ लेखक के पूर्वाग्रह लेकर आती हैं।

कहानी निजी अनुभूति होते हुए भी ऐसी विधा है जो समाज का अनुभव बनने की क्षमता रखती है। यदि यह सर्वेक्षण किया जाए कि दुनिया के ज़्यादातर अच्छे कहानीकारों ने कहानी पहले लिखी या शीर्षक तो परिणाम यही सामने आएगा कि शीर्षक बाद में लिखे गए।

इस तसवीर को एक अच्छा सा शीर्षक दें

© NCERT not to be republished

शीर्षक कहानी के लिए पहला आकर्षण बनता है। उसमें समूची कथा का मर्म आ जाए तो वह सार्थक हो जाता है। प्रेमचंद की 'पंच-परमेश्वर' कहानी का शीर्षक इससे बेहतर क्या हो सकता था। रोते हुए इस बालक की कहानी का एक शीर्षक आप भी सोचिए।

कहानी की भाषा

कहानी का कथ्य अपने साथ एक भाषा-संकेत लेकर आता है। वह बताता है कि शब्दों की इस कला को साधा कैसे जाए! शब्द अपने साथ ध्वनियाँ भी लाते हैं। इनके सहयोग से ही अनुभूति व संवेदना की प्रस्तुति होती है। रचना के मर्म को पूरी तरह ज़ाहिर करने की हमारी तैयारी ही भाषा को संवारती है।

किसी भी लेखक के लिए यह जानना ज़रूरी है कि जब तक हम अपनी कथा-भाषा के महत्त्व को नहीं समझेंगे तब तक पठनीय रचना कर पाना संभव नहीं। हमें अपने प्रत्येक शब्द, सूक्ष्मतम मनोभाव और भाषा को अर्थवान् बनाने वाले तत्त्वों के प्रति जागरूक होना होगा ताकि रचना में उसका प्रवाह सहज और पठनीय हो सके।

> *–छी-ई-ई-छक्क' गाड़ी हिली। हिरामन ने अपने दाहिने पैर के अंगूठे को बाएं पैर की एड़ी से कुचल दिया। कलेजे की धड़कन ठीक हो गई। ... हीराबाई हाथ की बैंगनी साफ़ी से हाथ पोंछती है। साफ़ी हिलाकर इशारा करती हैं ... अब जाओ...। आखिरी डिब्बा गुज़रा, प्लेटफ़ार्म खाली ... सब खाली ... खोखले ... मालगाड़ी के डिब्बे! दुनिया ही खाली हो गई मानो! हिरामन अपनी गाड़ी के पास लौट आया।"*
>
> ***– फणीश्वर नाथ रेणु***
>
> (*तीसरी कसम, उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम*)

